| जिला–जैसलमेर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| पोकरण के उप जिला चिकित्सालय को **जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| भाखरानी में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** (PHC) खोला गया। |
| झिझिनियाली एवं खुहड़ी (सम) के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| खुईयाला (सम), खींया, रामा (फतेहगढ़), जालूवाला एवं पदमपुरा (पोकरण) के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| भाडली (फतेहगढ़) के उप स्वास्थ्य केन्द्र को **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| एका (सांकड़ा) में **उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला** गया। |
| नव सृजित पंचायत समिति मोहनगढ, नाचना, भणियाणा एवं फतेहगढ में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थापित** किये गये। |
| Mobile Testing Lab उपलब्ध कराये जाने हेतु क्रयादेश जारी। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| जैसलमेर जिले में **नर्सिंग महाविद्यालय खोलने की** स्वीकृति जारी। कार्य प्रगतिरत। |
| जैसलमेर में **मेडिकल कॉलेज खोले** जाने हेतु भूमि आवंटित। सीपीआर एवं डीपीआर अनुमोदित। कार्यादेश जारी। |
| जैसलमेर जिले में नये खुलने वाले मेडिकल कॉलेज हेतु **115 करोड रूपये की लागत से 345 बैड क्षमता के नवीन चिकित्सालय** के निर्माण हेतु भूमि आवंटित। स्वीकृति जारी। डीपाआर अनुमोदित। |
| **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| फतेहगढ़, सांकड़ा (पोकरण), रामगढ़ एवं भणियाणा में **नवीन राजकीय महाविद्यालय** खोले गये। |
| पोकरण में **कृषि महाविद्यालय** की स्थापना की गई। |
| राजकीय महाविद्यालय–पोकरण को स्नातक से **पीजी में क्रमोन्नत किया** गया तथा **उर्दू साहित्य विषय** प्रारंभ किया गया। |
| कन्या महाविद्यालय जैसलमेर में स्नातक स्तर पर **होम साइंस** एवं पीजी स्तर **पर हिन्दी साहित्य तथा समाजशास्त्र** विषय प्रारंभ किये गये। |
| एसबीके महाविद्यालय जैसलमेर में स्नातक स्तर पर **लोक प्रशासन व संस्कृत** एवं पीजी स्तर पर **वनस्पतिशास्त्र** विषय प्रारंभ किये गये। |
| राजकीय महिला महाविद्यालय, पोकरण में **विज्ञान संकाय** प्रारंभ किया गया। |
| राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर में **उर्दू साहित्य** तथा स्नातकोत्तर हेतु **वाणिज्य (व्यवसायिक प्रशासन)** विषय प्रारंभ किया गया। |
| फलसुण्ड, मोहनगढ़ एवं नाचना में **राजकीय महाविद्यालय** खोलने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |

| जिला–जैसलमेर<br>उपलब्धियां |
|---|
| जैसलमेर के राजकीय **सहशिक्षा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में Non–Engineering शाखा प्रारम्भ** करने हेतु डिप्लोमा स्तर पर एक गैर अभियांत्रिकी ब्रांच प्रारंभ करने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाया जायेगा। |
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| अमरसागर (जैसलमेर) के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय को **राजकीय प्रवेशिका विद्यालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| जैसलमेर में **संस्कृत महाविद्यालय प्रारम्भ** किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जैसलमेर में **वेद विद्यालय खोला** जायेगा। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसलमेर में **वाणिज्य संकाय प्रारंभ** किया गया। |
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में **सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित।** |
| नव सृजित पंचायत समिति मोहनगढ, नाचना, भणियाणा एवं फतेहगढ में **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित** किये गये। |
| प्रदेश के ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण एवं विकास हेतु रेगिस्तानी जिलों–**जैसलमेर**, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, जोधपुर में दूरदराज ढाणियां में प्राथमिक शिक्षा के व्यापक विस्तार को ध्यान में रखते हुए नियमों एवं मानकों में शिथिलन देते हुए प्रथम चरण में 200 प्राथमिक विद्यालयों में से अब तक 180 नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं संस्कृत शिक्षा के 20 विद्यालय खोले गये। |
| समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर **सावित्री बाई फूले वाचनालय** मय digital library स्थापित किया जायेगा। |
| **कृषि एवं उद्यानिकी विभाग** |
| मोहनगढ़ में **नई स्वतंत्र मंडी स्थापित।** |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत जीरा व इसबगोल के लिए **जोधपुर संभाग** में की निर्यात आधारित प्रथम 10 प्रसंस्करण इकाइयों को **पूंजीगत अनुदान में लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 2 करोड़ रुपये की सहायता** दिये जाने हेतु राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना 2019 के अंतर्गत वांछित संशोधन की अधिसूचना जारी |
| गौण मण्डी प्रांगण चांदन के **नवीन यार्ड निर्माण कार्य हेतु 1.54 करोड़ रूपये** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) के exhibitions लगाये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त। दिशा–निर्देश एवं जिलवार लक्ष्य जारी। |
| खजूर की खेती के लिए बढ़ते रुझान तथा इससे होने वाली उच्च आय को देखते हुए **जैसलमेर** जिले के 31 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में 341.22 लाख रुपये से खजूर बगीचों की स्थापना की हेतु स्वीकृति जारी। अब तक 50.81 लाख व्यय कर 32.53 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र खजूर की खेती विकसित की गई। |

| **जिला–जैसलमेर**<br>**उपलब्धियां** |
|---|
| जैसलमेर में **मिनी फूड पार्क की स्थापना** हेतु भूमि आवंटित। डीपीआर तैयार। |
| फतेहगढ़ व सुथारमण्डी में **कृषि उपज मण्डी** हेतु भूमि आवंटित। |
| पोकरण में **नवीन कृषि उपज मण्डी की स्थापना** हेतु भूमि आवंटित। |
| रामगढ़ में **नई स्वतंत्र मंडी** स्थापित की जायेगी। |
| चांधन में **मिनी फूड पार्क** विकसित किया जायेगा। |
| राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन के अन्तर्गत आगामी 3 वर्षों में जिलें के over exploited भूजल ब्लॉक्स के क्षेत्र को सम्पूर्ण रूप से सूक्ष्म सिंचाई (Drip and Sprinkler) के तहत सम्मिलित किया जायेगा। |
| **पशुपालन विभाग** |
| रासला (फतेहगढ़) एवं खुईयाला (सम) के पशु चिकित्सा उप केन्द्रों को **पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बाहला (पोकरण) एवं कोलूतला में **नवीन पशु चिकित्सा उप केन्द्र** खोले गये। |
| तेजरावा (फतेहगढ़) एवं तनोट के पशु चिकित्सा उप केन्द्रों को **पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| झिझिनियाली (फतेहगढ़) एवं म्यांजलार (सम) के पशु चिकित्सालयों को **प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत** किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में **Testing Lab की स्थापना** हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग** |
| पटवा हवेली के **संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्य** करवाये गये। |
| ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों के **संरक्षण एवं उचित सार–संभाल** के लिए प्राचीन मंदिर–खाबा (जैसलमेर) के कार्य करवाये जायेंगे। |
| जैसलमेर में Tourism को बढ़ावा देने के लिए **ढोला मारू Tourist Complex** बनाने की घोषणा। यह Complex **मूलसागर एवं अमर सागर सम रोड** पर लगभग 3500 बीघा भूमि पर बनाया जायेगा। इसमें पर्यटकों के आकर्षण व मनोरंजन हेतु रिसोर्ट, मोटल, फार्म हाउस आदि स्थापित किये जायेंगे। इसी **Complex में Rajasthan Folk Art Training Institute की स्थापना** भी की जायेगी। इस हेतु ग्राम दामोदरा में लगभग 1921.14 बीघा राजकीय सिवायचक भूमि को ढोला मारू टूरिस्ट कॉम्पलेक्स की स्थापना हेतु आरक्षित की गई है। |
| पोकरण में इन्दिरा महाशक्ति भारत का **पेनोरमा बनवाया** जायेगा। |

## जिला–जैसलमेर
## उपलब्धियां

### देवस्थान विभाग

रामदेवरा एवं तनोट माता मंदिर में **पेनोरमा/आधारभूत सुविधाओं का समग्र** विकास किये जाने हेतु डीपीआर बनायी जायेगी।

### आयुर्वेद विभाग

समस्त ब्लॉकों पर **होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध** करवाये जाने हेतु पदों सहीत स्वीकृति जारी।

### वित्त विभाग

आमजन के रजिस्ट्री संबंधी कार्य सुगमता व त्वरित रूप से करवाने हेतु जिला मुख्यालय पर सप्ताह के **सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा** उपलब्ध।

### ऊर्जा विभाग

मोहनगढ़ व झिनझिनयाली में **132 केवी जीएसएस कमीशन** किये गये।

छत्रैल में **132 केवी जीएसएस** का निर्माण कार्य प्रगतिरत।

पोकरण व रामगढ़ में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित बिजली के निकास के लिये **6.3 गीगावॉट प्रसारण क्षमता का ग्रीन कॉरीडोर विकसित** करने की योजना।

पिथला फांटा एवं बांधेवा (पोकरण) में **132 केवी जीएसएस स्थापित** किये जायेंगे। बांधेवा (पोकरण) में भूमि आवंटित।

### शान्ति एवं अहिंसा विभाग

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर **महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र** स्थापित किये जायेंगे।

### पर्यावरण विभाग

जैसलमेर में राजस्थान राज्य प्रदूषण मण्डल का **नया क्षेत्रीय कार्यालय** खोला गया।

### वन विभाग

इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022–23 में राज्य में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से कनोई में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **इको–टूरिज्म लव–कुश वाटिका** विकसित करने का कार्य प्रगतिरत।

इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023–24 में 2 करोड़ रुपये की लागत से इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए **लाठी** में वन क्षेत्रों तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **लव–कुश वाटिका विकसित** करने का कार्य प्रगतिरत।

**आकल वुड फॉसिल्स पार्क को विश्व स्तरीय** बनाने के लिए DPR बनवाने हेतु स्वीकृति जारी।

जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे।

### गोपालन विभाग

जैसलमेर जिले में **दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ** की स्थापना की गई।

जिला दुग्ध संघ के Processing Plant **का 10 करोड़** रुपये की लागत से सुदृढ़ीकरण हेतु स्वीकृति जारी।

### गृह विभाग

पोकरण में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्याल**य खोला गया।

| जिला–जैसलमेर<br>उपलब्धियां |
|---|
| साकड थाने हेतु **एक मोबाईल यूनिट एवं 4 कास्टेबल** के पद स्वीकृत किये गये। |
| तनोट में **पुलिस थाना खोला** गया। |
| जिला स्तर पर 24X7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित करने की स्वीकृति जारी। |
| जिला कारागृह में **पुस्तकालय की** स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **उद्योग विभाग** |
| भणियाना एवं केरावा (पोकरण) में **औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना** की गई। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| जैसलमेर में **अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला गया। |
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| भणियाना में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला जायेगा। |
| **स्वायत्त शासन विभाग** |
| पोकरण नगर पालिका को **चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में क्रमोन्नत** किया गया। |
| पोकरण में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| **सालम सागर तालाब (पोकरण) का सौन्दर्यीकरण व विकास** कार्य करवाये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जैसलमेर में **टाउनहॉल के अधूरे कार्य को पूर्ण** करने की स्वीकृति जारी। |
| सीवरेज एवं कचरे (Waste) की समस्या के समुचित निस्तारण के लिए जैसलमेर में सीवरेज व अन्य कार्य हेतु 19.69 करोड रूपये की निविदा जारी। |
| रामदेवरा को **नगर पालिका** बनाया जायेगा। |
| 25 करोड़ रूपये की लागत से रामदेवरा (पोकरण) में **सीवरेज कार्य** करवाये जायेंगे। |
| 10 करोड़ 41 लाख रूपये की लागत से जैसलमेर के महाराणा प्रताप मैदान में **अंडरग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण** हेतु डीपाआर तैयार। |
| **अल्पसंख्यक विभाग** |
| सम जैसलमेर (कुछडी) के **अल्पसंख्यक बालक–बालिका आवासीय विद्यालय** भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| भणियाना ब्लॉक सांकडा में **राजकीय आवसीय विद्यालय का निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| जैसलमेर में 2 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में से 1 का निमार्ण कार्य पूर्ण तथा 1 का कार्य प्रगतिरत। |
| नाचना (पोकरण) में **अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय** खोलने हेतु भूमि आवंटित। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| जल जीवन मिशन के तहत 254.63 करोड़ रूपये की हर घर जल कनेक्शन देने हेतु **बाड़मेर लिफ्ट परियोजना भाग 'द' (भणियाना, सांकड़ा, सम, फतेहगढ़, मोहनगढ़, जैसलमेर)** जिला जैसलमेर परियोजना के कार्य प्रारम्भ। अब तक 44.98 करोड़ रूपये व्यय। |

| **जिला–जैसलमेर**<br>**उपलब्धियां** |
|---|
| शहरों की तर्ज पर ग्रामीण परिवारों को घर में पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु प्रथम चरण में वर्ष 2020–21 में जैसलमेर की पोकरण फलसूण्ड बालोतरा सिवाना (पैकेज एसपीआर–3बी) परियोजना के कार्य प्रारम्भ। अब तक 51.85 करोड़ रूपये व्यय। |
| जल जीवन मिशन के अंतर्गत 211 करोड़ 85 लाख रूपये की **पोकरण फलसुंड पेयजल परियोजना पैकेज–3(अ)** में 130 गावों में 24289 घर–घर नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| 54 करोड़ रूपये की लागत से 90 किमी लम्बाई में **पोकरण से झिनझिनयाली वाया सांकड़ा भैंसड़ा डांगरी फतेहगढ़ (साकड़ा, फतेहगढ़)** सडक के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 23 करोड़ रु की लागत से 42 किमी लम्बाई में **जैसलमेर से झिनझिनयाली** की क्षतिग्रस्त सड़क के मेजर रिपेयर का कार्य पूर्ण। |
| 6.45 करोड़ रु की लागत से 23 किमी लम्बाई में झिनझिनयाली (जैसलमेर, फतेहगढ़) सडक के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 96.50 करोड रूपये की लागत से 145 किमी लम्बाई में निम्न तीन महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के **मेजर रिपेयर एवं उन्नयन कार्य** की स्वीकृति जारी कर कार्य प्रगतिरतः–<br>पोकरण से राजमथाई तक वाया थाट–गुड्डी –दुधिया–जलोड़ा–पोकरणा (पोकरण)<br>पोकरण से झिनझिनयाली सत्तो वाया सांकड़ा–भैसंडा–डागंरी–फतेहगढ़ (जैसलमेर)<br>जैसलमेर सम रोड से 112 आरडी एसबीएस वाया लुद्रवा–रूपसी–बरमसर–देवा– नेहड़ाई (जैसलमेर) |
| 35.40 करोड़ रु. की लागत से 59 किमी. की लम्बाई में जैसलमेर जिले के **गडरा रोड से नाचना वाया चावा–बायतु–काणोद (भणियाना, साकड़ा) एवं झिनझिनयाली (जैसलमेर, फतेहगढ़)** सडक के मेजर रिपेयर का कार्य प्रगतिरत। |
| जिले की निम्न 5 **महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, रिपेयर एवं उन्नयन कार्य 297 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत** से करवाने की स्वीकृति जारीः–<br>उजला से स्वामी जी की ढाणी वाया बारठ का गांव–पदरोड़ा–बागथल–फुलासर (47 किमी) (साकंडा, भनियाणा)।<br>पोकरण से झिनझिनयाली सत्तो सड़क वाया सांकड़ा–भैसंडा–डागंरी–फतेहगढ (33.50 किमी.) (फतेहगढ़)।<br>हमीरा भेसंडा–राजमथाई वाया भागु का गांव–बडोडा गांव–रासला (72 किमी) (जैसलमेर, फतेहगढ़, भणियाणा)।<br>जैसलमेर–सम–धनाना (45 किमी.) (जैसलमेर, सम)।<br>पन्नासर–नई राजमथाई–राजमथाई–बांधेवा–देवपालपुरा से बाड़मेर (38 किमी.) (भणियाणा)। |
| 58 करोड़ रूपये की लागत से **सांगड से सम वाया खुहड़ी तक सड़क (55 किमी) (जैसलमेर) निर्माण एवं सुदृढीकरण** करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 16.45 करोड़ रूपये की लागत से जैसलमेर में **यूनियन चौराहे से एयरपोर्ट चौराहे तक सड़क चौड़ाईकरण** करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 2 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से **नाचना मुख्य सड़क से साकडिया तक सड़क** (7 किमी.) (पोकरण, जैसलमेर) का कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। |

| जिला–जैसलमेर<br>उपलब्धियां |
|---|
| **राजस्व विभाग** |
| फलसूंड (पोकरण), रामगढ़ एवं सम उप तहसील को **तहसील में क्रमोन्नत** किया गया। |
| नाचना (पोकरण), मोहनगढ एवं चांधण में **उप तहसील कार्यालय** खोले गये। |
| **ग्रामीण विकास विभाग** |
| जैसलमेर में **ग्रामीण हाट प्रारम्भ।** |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |
| **कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग** |
| भणियाणा (पोकरण) एवं फतेहगढ़ में **आईटीआई खाले** जाने हेतु पदों की स्वीकृति जारी एवं भूमि आवंटित। एक व्यवसाय का संचालन निकटवर्ती संस्थान में किया जा रहा है। |
| मोहनगढ़ में **नवीन आईटीआई खोलने** हेतु भूमि आवंटित। इस हेतु 04 व्यवसाय की 02 यूनिट खोलने प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर संचालित **ITIs में Solar Technician ट्रेड** प्रारम्भ करने हेतु 02 यूनिट खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर एक **ITI को 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस'** के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| जैसलमेर में **सावित्री बाई फूले बालिका छात्रावास** खोलने की स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित एवं वर्तमान में विभागीय भवन में संचालित। |
| भणियाना (पोकरण) में **अम्बेडकर छात्रावास** हेतु भूमि आवंटित एवं वर्तमान में किराये के भवन में संचालित। |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन हेतु आदेश जारी। किराये के भवन में संचालित। भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| जैसलमेर में **अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय** खोलने हेतु भूमि आवंटित। |
| फलसुण्ड (पोकरण) में **अम्बेडकर छात्रावास** खोलने हेतु भूमि आवंटित। |
| जिला मुख्यालय पर 50 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी का विशेष योग्यजन विद्यालय खोला जायेगा। |
| **युवा एवं खेल विभाग** |
| जैसलमेर में **हैण्डबॉल एकेडमी प्रारंभ** एवं संचालन हेतु 35.31 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी। एकेडमी प्रारम्भ। |
| पोकरण–जैसलमेर में **इंडोर स्टेडियम** बनवाया गया। |
| जिला स्टेडियम में **Open Gym स्थापित** किए जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर **100 आवासीय क्षमता का 'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल'** बनाया जायेगा। |

| जिला–जैसलमेर<br>उपलब्धियां |
| --- |
| जैसलमेर में Indoor Hall का निर्माण करवाया जायेगा। |
| **जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग** |
| जैसलमेर में **जनजाति छात्रावास** का संचालन प्रारम्भ। |
| **पर्यटन विभाग** |
| रामदेवरा के **विकास एवं सौन्दर्यीकरण** हेतु 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी। कार्य प्रगतिरत। |
| जिले में पर्यटन विकास के लिये सम एवं पोकरण में **जन सुविधा संबंधी विकास कार्य** हेतु स्वीकृति जारी। |
| रामदेवरा (रूणीजा) मंदिर में भवनों के स्थापत्य के **संरक्षण व जीर्णोद्वार** के साथ–साथ अन्य सुविधाओं का विस्तार किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **परिवहन विभाग** |
| पोकरण में **उप जिला परिवहन कार्यालय** खोला गया। |
| श्रीरामदेवरा मेले में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों के **किराये में छूट को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत** किया गया। |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force के गठन के आदेश जारी। |
| **जल संसाधन विभाग** |
| जैसलमेर क्षेत्र में, जहां पर पक्के खाले नष्ट हो चुके हैं, वहां लगभग एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये की लागत से **स्प्रिंकलर से सिंचाई सुविधा विकसित** किये जाने सम्बन्धी 9 कार्यों के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 102 करोड़ रूपये की लागत से चारणवाला शाखा की नहरों का चरणबद्ध रूप से **जीर्णोद्धार कार्य** के वित्तपोषण हेतु स्वीकृति जारी। इससे बीकानेर व **जैसलमेर** जिले का 97 हजार हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होगा। इस हेतु 3 कार्यों के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। अब तक 5.96 करोड़ रूपये का व्यय। |
| IGNP के द्वितीय चरण में नाबार्ड के वित्तपोषण से रू 179 करोड़ का व्यय किया जायेगा। इसके तहत **शहीद बीरबल शाखा** प्रणाली में 368 किलोमीटर लंबाई के कार्यों से जैसलमेर तहसील के 25 हजार किसान लाभान्वित होगे एवं जैसलमेर के 25 हजार किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी। कार्य प्रगतिरत। 125 करोड़ रूपये व्यय हो चुका है। |
| जैसलमेर क्षेत्र की **नहरों से Silt निकालने का कार्य** किया जायेगा। |
| **महिला एवं बाल विकास विभाग** |
| नव सृजित पंचायत समिति मोहनगढ, नाचना, भणियाणा एवं फतेहगढ़ में बाल **विकास परियोजना कार्यालय स्थापित** किये गये। |